प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक सौ 40 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने गति, पैमाने और संवेदनशीलता के साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। श्री मोदी ने कहा कि इस दौरान आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक समावेशी और सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी है। उन्होंने कहा कि भारत आशा, विश्वास और विकसित भारत के निर्माण के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ रहा है। प्रधानमंत्री ने लोगों से भारत की विकास यात्रा को जानने के लिए नमो एप पर उपलब्ध वीडियो, इंफोग्राफिक्सत और आलेखों जैसी विधाओं के माध्यंम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज जोधपुर दौरे पर है। इस दौरान श्री बिरला भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी परिसर स्थित नव–निर्मित व्याख्यान कक्ष का उद्‌घाटन करेंगे। श्री बिरला 'रिसर्च इनिशिएटिव ग्रांट' का भी वितरण करेंगे। साथ ही, वे संस्थान की नई आधिकारिक वेबसाइट का लोकार्पण करेंगे।
कार्यक्रम के दौरान 'खेल–खेल में विज्ञान' नामक कॉमिक्स श्रृंखला का विमोचन भी होगा, जो बच्चों और युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 'वंदे गंगा'जल संरक्षण–जन अभियान के तहत आज पुष्कर और ब्यावर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर के मेला ग्राउंड में एक सभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद श्री शर्मा कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। मुख्यमंत्री का ब्रम्हा मंदिर में दर्शन करने और पुष्कर सरोवर में पूजा अर्चना करने का भी कार्यक्रम है। 'वंदे गंगा'जल संरक्षण–जन अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कडी में आज भरतपुर के लोहागढ़ स्टेडियम में खिलाड़ियों ने खेल मैदान में साफ सफाई कर श्रमदान किया। खेल अधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि खिलाडियों ने मैदान में पड़ी पॉलिथीन की थैलियों को इकट्ठा किया और झाड़ियां को काटकर मैदान को साफ–सुथरा बनाया। इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।

00000

आज भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि है। इन्हें धरती आबा के नाम से जाना जाता है। बिरसा मुंडा ने शोषणकारी औपनिवेशिक व्यवस्था के खिलाफ़ आंदोलन का नेतृत्व किया और आदिवासी समुदायों के अधिकारों और सम्मान के लिए लड़ाई लड़ी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बिरसा मुंडा को नमन करते हुए उन्हें महान स्वतंत्रता सेनानी, जननायक और आदिवासी चेतना के प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि शोषितों, वंचितों और आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा और उनके सर्वांगीण उत्थान के लिए बिरसा मुंडा का अद्वितीय संघर्ष इतिहास में अमिट रहेगा। प्रदेशभर में बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। पाली में कुंडाल गांव में उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई इसके बाद पौधा रोपण किया गया। साथ ही संगोष्ठी का आयोजन किया गया और नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

0000

सवाई माधोपुर के रणथम्भौर फोर्ट परिसर में आज सुबह एक बाघ ने जैन मंदिर के पुजारी राधेश्याम पर हमला कर दिया, जिसमें उनकी मौत हो गई। सूचना के बाद वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे हैं। दो महीने के अंदर बाघ के हमले की तीसरी घटना है। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सवाई माधोपुर–कुंडेरा मार्ग जाम किया हुआ है। वाहनों को वैकल्पिक मार्गो से निकाला जा रहा है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर समझाइश में जुटे हुए हैं।

0000

झुंझुनूं में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से हाइपरटेंशन जनजागरूकता अभियान के तहत आज साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारंभ स्वर्ण जयंती स्टेडियम से हुआ। रैली के माध्यम से आमजन को हाइपरटेंशन बीमारी के प्रति सतर्क रहने और समय पर जांच और जीवनशैली में बदलाव जैसे उपायों को अपनाने का संदेश दिया गया। इस साइकिल रैली में चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंगकर्मियों के साथ—साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया।

0000